पाठ-बोध

प्रश्नों के उत्तर दें—

- **मौखिक** *(Oral)*
  - i) बया अपना घोंसला पेड़ की ऊँची डालों पर लटकाती है।
  - ii) बच्चे बया के नन्हे बच्चों (चूज़ों) की निगरानी करने को कह रहे हैं।
  - iii) पंख निकल आने पर बया के बच्चे उड़ जाएँगे।
  - iv) फिर जब उनके पर निकलेंगे
    उड़ जाएँगे बया बनेंगे। • बच्चे स्वयं पढ़ें।
- **लिखित** *(Written)*
  - i) बया घोंसला बन जाने के बाद दाना और पानी लाती है।
  - ii) बया दूर न चली जाए इसके लिए बच्चे आँगन में दाने और हौज़ में मीठा-मीठा ठंडा पानी भर देंगे।
  - iii) बया के नन्हे बच्चे अंडे सेने से निकलेंगे।
  - iv) पंख निकल आने पर जब बया के बच्चे उड़ जाएँगे तब बच्चों से दूर होने के दुख में बया रोएगी।

व्याकरण-बोध

1. अनुस्वार (ं) अनुनासिक (ँ) के पाँच-पाँच शब्द लिखें—

ं ....ठंडा.... ....हंस.... ....अंडा.... ....रंग.... ....पतंग....

ँ ....आँगन.... ....ऊँची.... ....जाएँगे.... ....हँसना.... ....साँस....

2. वचन बदलें—

तिनका	—	....तिनके....	बच्चा	—	....बच्चे....
ठंडा	—	....ठंडे....	दाना	—	....दाने....
डाल	—	....डालें....	अंडा	—	....अंडे....

3. क. दिए गए शब्दों के लिए कविता से चुनकर विशेषण लिखें—

i) ....ऊँची.... डाल ii) ....मीठा.... पानी iii) ....नन्हे.... बच्चे

ख. अपने मित्र के लिए दो विशेषण लिखें—

....शरारती.... ....हँसमुख....

- बच्चे स्वयं भी अन्य विशेषण लिख सकते हैं।

Scanned with CamScanner

4. **कविता से छाँटकर लिखिए कि बया ने क्या-क्या काम (क्रिया) किए ?**

····बया··ने··तिनके··लाकर··घोंसला··बनाया।····

····खेतों··से··दाना··लाई।····

····नदियों··से··चोंच··में··पानी··भरकर··लाई।····

····अंडों··को··सेया।····

Scanned with CamScanner